तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शुक्रवार 22 मार्च 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



12 शराब की अवैध बिक्री पर कड़ी नजर रखें व लगातार कार्रवाई करें





11 अंतर्राज्यीय बदमाशों ने उड़ाई नींद, चेन स्नैचिंग ...




**निरीक्षण : बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि प्रभावित खेतों का किया निरीक्षण, किसानों से की बात**

# खेतों में पहुंचे कलेक्टर शर्मा, देखी फसल की स्थिति, किसानों से कहा मिलेगी बीमा राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पिछले तीन-चार दिन से ज़िले में बेमौसम अलग-अलग हिस्सों में हुई बारिश और ओलावृष्टि का सीधा असर फसलों पर पड़ा है। फसलों की तबाही में अन्नदाताओं के चेहरों पर शिकन ला दी है। ज़िला प्रशासन ने भी किसानों को हुए इस नुकसान का आकलन करने और फसल बीमा मुआवजा देने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए निर्देश दिए हैं।

■ कहा- प्रशासन ने राज्य शासन को 62 .50 करोड़ का एस्टीमेट बनाकर भेजा

कलेक्टर रणबीर शर्मा गुरुवार को स्वयं ज़िले के ग्राम हथगुड़ी और डुंडा पहुंचे, जहां प्रभावित किसानों के खेतों में जाकर फसल नुकसान का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री शर्मा ने खेत में जाकर फसलों का अवलोकन किया और प्रभावित किसानों से बात की। उन्होंने किसानों से कहा कि फसल बीमा की राशि मिलेगी। उन्होंने रबी फसल चना, गेंहू और तिवरा की खड़ी और कटी फसल को देखा। उन्होंने फसल बीमा कंपनी के कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं कि हर पंचायतवार सर्वे कर फसल के नुकसान का आंकलन तैयार करें और उसी आधार पर किसानों को बीमा का मुआवजा दिया जाएगा। अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, एसडीएम, घनश्याम तवर, उप संचालक कृषि मोरध्वज डड़सेना सहित तहसीलदार परमानंद बंजारे उपस्थित थे।

पिछले तीन दिनों से के अलग-अलग हिस्सों में हो रही बारिश और ओलावृष्टि की वजह से एक तरफ जहां तापमान में काफी गिरावट आ गई है। वहीं, दूसरी तरफ इसका सीधा असर फसलों पर पड़ा है. तेज हवाओं के साथ हुई बारिश और ओलावृष्टि की वजह से गेहूं, चना और तिवरा की फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है।



### 37500 रुपए प्रति हेक्टेयर मुआवजा

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि अचानक हुई बारिश और ओलावृष्टि ने कहर बरपाया है। इससे जिले के कई गांवों में खेतों में खड़ी फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गयी है। बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को काफी नुकसान हुआ है। इसके अलावा उद्यानकी फसलें भी ज़िले में केला और पपीता को भी नुक़सान हुआ है। इससे किसान परेशान और चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि इससे फसलों के उत्पादन के साथ-साथ गुणवत्ता पर भी असर पड़ने की आशंका है। उन्होंने कहा कि राज्य शासन को लगभग 62.50 करोड़ का एस्टीमेट बनाकर भेजा है । जिन किसानों के फसल बीमा है। उन्हें 37 हजार 500 रुपये प्रति हेक्टेयर मिलेगा। इसके अलावा कुछ किसानों की प्रकरण आरबीसी 6 (4) में भी बनेगा ।

### किसानों को चिंता करने की जरूरत नहीं : दीपेश

बेमेतरा। ओला वृष्टि और तेज बारिश गिरने से किसानो को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा है। बीते दिनों बे मौसम बारिश के कारण हुई फसल की क्षति को लेकर बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने कलेक्टर रणवीर शर्मा से मिलकर विस्तृत चर्चा की। वहीं, चर्चा के पश्चात जारी प्रेस बयान में कहा कि जिले के कलेक्टर से मुलाक़ात कर इस बात को लेकर निर्देश दिया है कि अभी जो बेमौसम बरसात और ओलावृष्टि हुई है और इस बरसात में जिस तरीके से किसानों की फसलों को क्षति हुई है, ये अत्यधिक चिंता का विषय है इसे लेकर सर्वे कराया कराया जा रहा है और जो भी सर्वे रिपोर्ट आएगी उसे आधार पर जिले के किसानों को मुआवजा राशि दी जाये। साहू ने जिले के किसानों को कहा कि किसानों को चिंता करने की जरूरत नहीं है। यह सरकार किसान हितैसी सरकार है निश्चित रूप से जो भी किसानो को नुकसान हुआ है वह उन्हें दिया जाएगा। हमारी सरकार सदैव किसानो के साथ खड़ी है। इस अवसर पर विजय सिन्हा पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, हर्ष वर्धन तिवारी, आदित्य सिँह राजपूत, मोंटी साहू, विकाश तम्बोली, नीतू कोठारी,योगेश वर्मा,राकेश मोहन शर्मा उपस्थित रहे।

■ बेमेतरा विधायक ने कहा- दी जाएगी क्षतिपूर्ति राशि



### फसल क्षतिपूर्ति बीमा राशि देने किसानों ने सौंपा ज्ञापन

साजा। अंचल में लगातार हुई बेमौसम बारिश, आंधी व ओला वृष्टि से ओनहारी फसल चना गेंहू सरसों केला पपीता को हुए नुकसान को लेकर किसान चिंतित हैं। उन्होंने प्रशासन से क्षति पूर्ति बीमा राशि देने की मांग करते हुए जिला कलेक्टर के नाम स्थानीय तहसील कार्यालय में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व साजा को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने फसल नुकसानी का राजस्व कृषि विभाग से सर्वे करवा किसानों को तत्काल बीमा क्षतिपूर्ति राशि देने की मांग की है। इस दौरान पूर्व जनपद अध्यक्ष ओम प्रकाश वर्मा पूर्व समिति अध्यक्ष कृष्णा राठी,रामाधार वर्मा पूर्व एल्डर पार्षद जितेंद्र जैन युवा सरपंच कुमेश्वर यादव नरेंद्र साहू परमानंद साहू सहित ग्राम साजा, जाता , डोंगीतराई,परसबोड, माटरा,जगन्नाथपुर, सहित अन्य ग्रामों के किसान शामिल थे। पूर्व जनपद अध्यक्ष पूर्व समिति अध्यक्ष पूर्व पार्षद ने शासन प्रशासन से किसानों की पूरी तरह बर्बाद फसल का तत्काल मुआवजा राशि देने की मांग की है।

## फसल नुकसान का निरीक्षण करने खेतों में पहुंचे एसडीएम

साजा। एसडीएम डीआर रात्रे ने असमय बारिश व ओलावृष्टि से हुई फसल के नुकसान का जायजा लेने का अंचल के गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम बोरतरा, भरदालोधी ,कुटरू सोनपुरी मुगलाटोला पहुंकर खेतों में जाकर निरीक्षण किया। इसके साथ ही किसानों से चर्चा की। एसडीएम ने राजस्व विभाग एवं कृषि विभाग को मिलकर निरीक्षण कर ग्राम कोटवार ग्राम पटवारी ग्राम सरपंच सचिव सभी को सर्वे करने के लिए सहयोग का निर्देश दिया।



## खबर संक्षेप

### मतदाता जागरुकता के लिए साइकिल रैली कल

बेमेतरा। मतदाता जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए स्वीप प्लान के तहत 21 मार्च दिन शनिवार को जिला मुख्यालय बेमेतरा में मतदान जागरूकता साइकिल रैली निकाली जाएगी। इस दिन विशेष के महत्व को बहुप्रचारित एवं जन-जन तक पहुंचाने के लिए स्वीप गतिविधियों के अतिरिक्त जिला स्तर एवं मतदान केन्द्र स्तर पर विशेष गतिविधियों का संचालन किया जाना है। इसके लिए प्रातः 7 बजे से जयस्तभ चौक बेमेतरा से परशुराम चौक, प्रताप चौक, सिग्नल चौक, बाजार चौक से भारत माता चौक से होते हुए जिला मुख्यालय स्थित बेसिक स्कूल मैदान में पहुंच कर समाप्त होगी। बताया जा रहा कि व्यापक प्रचार प्रसार के लिए साइकिल रैली का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें एन.आर.एल.एम. एवं एन.यू.एल.एम. के सभी सदस्यों सहित जिला प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी और आम जनता भी शामिल होंगे ।

### कृषि बीमा कंपनी को दें फसल नुकसान की जानकारी

बेमेतरा। जिले में लगातार दो दिनों के बारिश के चलते जितने भी उद्यानिकी किसानों के फसलों के नुकसान हुआ है, वे अपने नुकसान की जानकारी भारतीय कृषि बीमा कम्पनी के निर्धारित टोल फ्री नम्बर 1800-419-0344 में फोन करके दे सकते हैं। इसमें किसान का नाम, फसल का नाम, जिले एवं ग्राम का नाम, खसरा नंबर एवं रकबा आदि बताकर किसान सूचना दर्ज कराए जा सकते है। उद्यान विभाग के सहायक संचालक हितेन्द्र कुमार मेश्राम से मिली जानकारी अनुसार योजनांतर्गत एडऑन कवर अंतर्गत ओलावृष्टि एवं चक्रवाती हवाएँ जोखिम को स्थानीय आपदा के रूप में सम्मिलित किया गया है। स्थानीय आपदा की स्थिति में कृषक घटना के 72 घंटे के भीतर इसकी सूचना सीधे एग्रीकल्चर इन्योरेंस कंपनी लिमिटेड के टोल फ्री नंबर पर या लिखित रूप में बीमा कंपनी, संबंधित बैंक, स्थानीय उद्यानिकी विभाग के अधिकारी/कर्मचारियों को बीमित फसल के ब्यौरे, क्षति की मात्रा तथा क्षति का कारण सहित सूचित करें।

### लोकसभा निर्वाचन प्रशिक्षण अनुपस्थित 44 शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी

बेमेतरा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणवीर शर्मा के आदेशानुसार लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत जिले में गठित मतदान दल अधिकारी क्रमांक 1, 2 एवं 3 का प्रशिक्षण गत दिवस 17 मार्च को जिले के सभी विकासखंड मुख्यालय में आयोजित किया गया था। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन इस दिन जिले के चारों विकासखंड में प्रशिक्षण ले रहे स्कूल शिक्षा विभाग अधिकारी व कर्मचारियों के निरिक्षण में गए थे। इस दौरान कई शिक्षक बिना सूचना के नदारत पाए गए। जिसके लिए कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को प्रशिक्षण में अनुपस्थित पाए गए, शिक्षको को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए । प्रशिक्षण में कुल 44 शिक्षक अनुपस्थित पाए गए थे । जिला निर्वाचन के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी ने प्रशिक्षण में अनुपस्थित शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया हैं। तय समय सीमा 3 दिवस के भीतर उनका जवाब माँगा है । बताया गया है कि शिक्षक अपना स्पष्टीकरण कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जिला बेमेतरा के निर्वाचन शाखा कक्ष कमांक 47 प्रथम तल में तीन दिवस के भीतर प्रस्तुत करना करेंगे। स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किये जाने, संतोषप्रद जवाब प्राप्त नहीं होने की स्थिति में उनके विरूद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## कविता हमारे मन के भाव को व्यक्त करने का एक सशक्त माध्यम

बेमेतरा। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला राखी में विश्व कविता दिवस हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। जिसमें विद्यालय के बच्चों द्वारा बहुत ही सुंदर और लयबद्ध तरीके से कविता सुनाई गई।



प्रधानपाठिका गायत्री जोगी और विद्यालय की शिक्षिकाओं द्वारा कविता का हमारे जीवन में महत्व को बहुत ही सुंदर ढंग से बच्चों को बताया गया। गायत्री जोगी ने कहा की कविता हमारे मन के भावों को व्यक्त करने का छंदबद्ध और लयबद्ध सशक्त माध्यम है। यह हमें अत्यंत प्रिय और सुमधुर लगती है। इस अवसर पर प्रधानपाठिका गायत्री जोगी, सरोज साहू, नीलम देवांगन, देवलता साहू और कमलेश्वरी साहू सहित सभी छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।

### पंडरभट्ठा स्कूल में हुआ न्योता भोज

बेमेतरा। पोषण योजना के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला में न्योता भोजन का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों को भोजन दाल, भात, सब्जी, खीर, पूड़ी, पापड़ सलाद, केला, संतरा इत्यादि खिलाया गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक मेनका ठाकुर, अध्यक्ष गया राम साहू व अनीश साहू, सोनू पाटिल सहित अन्य ग्रामवासी शामिल रहे।



## पुलिस अधीक्षक ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण...



बेमेतरा। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिला मुख्यालय स्थित मंडी परिसर के स्ट्रांग रूम का गुरुवार को निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों की ब्रीफिंग कर उनकी व्यवस्थाओं को जाना। इसके साथ ही स्ट्रांग रूम सुरक्षा एवं मतपेटी वितरण के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्लाटुन कमांडर डी. चंद्रशेखर एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

**सिटी कोतवाली में बुलाकर दी गई समझाइश**

## होली व चुनाव से पहले गुंडे-बदमाशों की लगी क्लास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

आगामी लोकसभा चुनाव और होली त्यौहार के मद्देनजर जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने गुंडे बदमाशों की क्लास लेना शुरू कर दी है। एसपी रामकृष्ण साहू के निर्देश पर बुधवार को सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के छंटे हुए करीब दर्जनभर गुंडे, बदमाशों को थाने में तलब कराया गया और अपराध से तौबा कराते हुए उनकी परेड ली गई।

■ होली और चुनाव के पहले शहर के छटे गुंडे बदमाशों को थाने में बुलाकर पुलिस ने ली क्लास

गुंडे बदमाशों में चाकूबाजी सहित मारपीट व प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के आरोपी शामिल थे। सिटी कोतवाली प्रभारी चंद्रदेव वर्मा ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत 8 गुंडे बदमाशों को थाने लाया गया था। पुलिस ने सभी गुंडे बदमाशों को समझाइश दी है कि अपराध करना छोड़ दें और अपने परिवार के साथ शांतिपूर्वक जीवन यापन करें। बता दें कि लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ जिले में आचार संहिता भी लागू हो चुकी है। वहीं, आगामी दिनों में होली त्यौहार भी है।होली में सबसे ज्यादा आपराधिक वारदात होती है। इसे देखते हुए पुलिस अभी से सक्रिय हो गई है और होली के पहले ही अपराधियों पर नकेल कसना शुरू कर दिया है। इसके तहत पुराने गुंडे बदमाशों को थानों में तलब कर उन्हें सख्ती के साथ अपराध से दूर रहने की समझाइए दी जारी है । इस दौरान कई गुंडे बदमाशों को गिरफ्तार भी किया गया।



### फरार स्थायी वारंटी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

पुलिस द्वारा स्थायी वारंटियों को पकड़ने के लिए ऑपरेशन ईगल अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत थाना सिटी कोतवाली स्टाफ न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय के प्रकरण क्रमांक 9457/2021, धारा 138 एनआईए एक्ट के मामले में फरार चल रहे स्थायी वारंटी यशस्वी यादव पिता घासीराम यादव उम्र 39 साल सुंदर नगर बेमेतरा निवासी को मुखबिर की सूचना पर पकड़ा गया। उपरोक्त वारंटी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेजा गया। उक्त कार्रवाई में सिटी कोतवाली चंद्रदेव वर्मा, आरक्षक लवकुमार यादव एवं अन्य स्टाफ शामिल रहे।

### पूर्व जनपद सदस्य दिनेश्वर ने लगाई फांसी

अंडा। थाना अंडा क्षेत्र के ग्राम विनायकपुर निवासी पूर्व जनपद सदस्य व कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता दिनेश्वर चन्द्राकर 55 वर्ष ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। 21 मार्च की सुबह उसके बेटे ने पिता के शव को रस्सी के सहारे फांसी पर लटका हुआ देखा। उन्होंने परिवार के अन्य लोगों को सूचना दी, जिसके बाद अंडा थाने में सूचना दी गई। थाना प्रभारी श्रध्दा पाठक के मार्गदर्शन में एएसआई दिनेश वर्मा ने घटनास्थल में जाकर शव का पंचनामा कर दुर्ग मरच्युरी भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव को उसके परिजन को सौंप दिया गया।


हरिभूमि **पाठक सूचना**

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप

### नवजात का शव मिला

**भिलाई।** नवजात शिशु का शव खंडहर मकान के गली में मिलने से सनसनी फैल गई। मामले में पुलिस ने जांच शुरु कर दिया है। रानीतराई पुलिस ने बताया कि ग्राम दरबार मोखली में पीला बाई साहू के खंडहर मकान की गली में अज्ञात मृत नवजात शिशु का शव पड़ा मिला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुची और नवजात शिशु (स्त्री) का शव का पंचनामा कर उसे मेड़िकल के लिए भेज दिया। नवजात शिशु का शव एक दो दिन पुराना होना बताया गया है। शिशु के शव में फफोला आ गया है, किसी अज्ञात आरोपी द्वारा नवजात शिशु के जन्म को छुपाने के लिए मृत नवजात शिशु के शव को फेंक कर फरार हो गया। मामले में पुलिस ने धारा 318 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

### सिविक सेंटर में नये सबस्टेशन की स्थापना

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के तहत संचालित टाउन इंजीनियरिंग इलेट्रिकल डिपार्टमेंट (टीईईडी) के एचटी और एलटी समूह ने मिलकर न्यू सिविक सेंटर में नया 315 केवीए के सबस्टेशन स्थापित किया है। 500 केवीए के सबस्टेशन में 100 प्रतिशत लोड के कारण अक्सर ब्रेकडाउन और केबल बर्नआउट का खतरा लगा रहता था। इन परिस्थितियों को देखते हुए आंतरिक संसाधनों के माध्यम ये इस नये सबस्टेषन की स्थापना की गई है।

नए सबस्टेशन को बनाने और कमिषनिंग का कार्य 3 महीने में पूरा हुआ। इस कार्य में पूरा करने में सहायक प्रबंधक जे पी पांडे व रणबीर पुन्न, वरिष्ठ प्रबंधक पी एस सिदार व दिनेश वर्मा, उप प्रबंधक नंद किशोर, चार्जमेन कम मास्टर टेक्नीशियन ईवी सुनील, सीनियर टेक्नीशियन बीएस ठाकुर, मोहम्मद मुस्ताक्विन व सुब्रमणि तथा ठेका श्रमिक शामिल थे।

### कलेक्टर ने एचएम कश्यप को किया सस्पेंड

**दुर्ग।** दुर्ग कलेक्टर आईएएस ऋचा प्रकाश चौधरी इन दिनों एक्शन मोड पर हैं। उनके द्वारा लगातार स्कूलों में सरप्राइज विजिट दिया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को कलेक्टर ऋचा धमधा ब्लॉक के शासकीय प्राइमरी स्कूल तुमाकला पहुंची थीं। इस दौरान स्कूल के हेड मास्टर स्कूल में मौजूद नहीं थे। मिली जानकारी के अनुसार बिना अवकाश के आवेदन दिए स्कूल से एचएम योगेश्वर कश्यप गायब थे। उनके द्वारा उच्च अधिकारियों को भी छुट्टी की सूचना नहीं दी गई थी। दुर्ग कलेक्टोरेट पहुंचते ही कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने दुर्ग के नए डीईओ को निर्देश दिए जिसके बाद डीईओ अरविंद मिश्रा ने एचएम योगेश्वर कश्यप का सस्पेंशन ऑर्डर जारी कर दिया है।

### रिटायर बीएसपी कर्मियों को दी विदाई

**भिलाई।** बीएसपी एम्पलाइज कोऑपरेटिव एंड वेलफेयर सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-4 ने एक समारोह में फरवरी 2024 में भिलाई स्टील प्लांट की सेवा से निवृत्त हुए अपने सदस्य कर्मियों को ससम्मान विदाई दी। इन रिटायर कर्मियों को अध्यक्ष अशोक परगनिहा व पदाधिकारियों ने सम्मान पत्र, मिठाई, श्रीफल व अंतिम भुगतान का चेक प्रदान कर उन्हें भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# केवल टीम वर्क और निष्पादन से ही मिलेगी सफलता

## बीएसपी के पूर्व मुख्य महाप्रबंधक यूके झा ने अनुभव किए साझा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के सेवानिवृत्त मुख्य महाप्रबंधक और टाउनशिप प्रमुख यूके झा ने कहा है कि बीएसपी कार्मिक व अधिकारी केवल टीम वर्क और अनुबंधों के प्रभावी निर्धारण और निष्पादन के माध्यम सै ही सफल हो सकते हैं। रियल एस्टेट बीएसपी की बहुमूल्य संपत्ति लेकिन, इसे बचाना जरुरी है। लेकिन एक बार अतिक्रमण हो जाने के बाद भूमि अधिग्रहण करना और भूमि और परिसर को वापस लेना कठिन कार्य है।1985 में भिलाई इस्पात संयंत्र में शामिल होने के बाद 2022 में बीएसपी से मुख्य महाप्रबंधक के पद में नगर सेवा विभाग से सेवानिवृत्त हुए अपनी 37 वर्षों के सेवाकाल में श्री झा ने कई चुनौतियों का मुकाबला करते हुए बीएसपी में महती योगदान दिया।

वे कहते हैं कि सीईडी और नगर सेवा विभाग के प्रमुख के रूप में अपनी पिछले 10 वर्षों की सेवा के दौरान उन्होंने टीम वर्क को देखा है। आपको सिर्फ टीम को प्रेरित रखना होता है, यही एक टीम लीडर का काम है। 1985 में, बीएसपी में लगभग 65,000 कर्मचारी थे और टाउन



सर्विसेज में5000 कर्मचारी थे। उस समय अधिकांश कार्य विभागीय जनशक्ति के माध्यम से किये जाते थे तथा बहुत कम ठेके संचालित किये जाते थे। कर्मचारियों की संख्या अब घटकर 15,000 रह गई है। अधिकांश विभागों में नियमित जनशक्ति बहुत कम है और अधिकांश कार्य अनुबंध के माध्यम से किये जाते हैं। निष्पादन को बेहतर बनाने पर उन्होंने बताया कि विभागीय कामकाज से कन्ट्रेक्चुअल कामकाज तक का परिवर्तनकाल सुचारू नहीं रहा है। अनुबंध तैयार करने और उसके क्रियान्वयन पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है।

श्री झा कहते हैं कि अनुबंधों के बारे में एक अन्य महत्वपूर्ण बिंदु, अनुबंधों के माध्यम से चयनित जनशक्ति की उचित गुणवत्ता के संदर्भ में है। यह देखते हुए कि संयंत्र में अधिकांश महत्वपूर्ण उपकरणों का संचालन और रखरखाव अनुबंध के माध्यम से किया जाता है, उपयुक्त, कुशल और अनुभवी जनशक्ति के चयन बहुत आवश्यक है। यह तभी सुनिश्चित किया जा सकता है जब अनुबंध के माध्यम से उपयुक्त व कुशल जनशक्ति का चयन किया जाए और उन्हें श्रम कानूनों के अनुसार उचित वेतन और सुविधाएं प्रदान की जाएं। तभी अनुबंधों के माध्यम से लंबे समय तक कार्य किया जा सकता है।

### बकाया की समस्या पर ध्यान जरुरी

अनुकूल व्यवहार के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग पर पूर्व सीजीएम यूके झा ने कहा कि अक्सर देखा गया है कि प्रौद्योगिकी के प्रभावी उपयोग से वांछित मानव व्यवहार सुनिश्चित करना संभव है। उपस्थिति दर्ज करने के लिए बायोमेट्रिक्स की स्थापना एक ऐसा ही उदाहरण है। टाउन सर्विसेज में बकाया राशि को प्राप्त करना भी एक ऐसी समस्या जिस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। टाउन सर्विसेज में राजस्व संग्रहण में प्रौद्योगिकी और स्वचालन के उपयोग से बहुत कुछ हासिल किया जा सकता है। तीसरे पक्ष के आधार पर आवंटित क्वार्टरों के लिए स्मार्ट इलेक्ट्रिक मीटर की स्थापना भी एक ऐसी ही पहल हो सकती है।

## गैस पाइपलाइन प्रभावित किसान संघर्ष समिति ने कहा, आंदोलन की जीत

# गेल इंडिया प्रोजेक्टः कृषि भूमि के औद्योगिक प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन आवेदन खारिज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

भिलाई। जिले के कई गांवों से गुजरने वाली मुंबई, नागपुर झारसागुड़ा गैस पाइप लाइन के प्रभावित किसानों के पुरजोर विरोध के बाद निर्मात्री कंपनी द्वारा कृषि भूमि के औद्योगिक प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन हेतु किया गया आवेदन एसडीएम द्वारा निरस्त कर दिया गया है। इससे ग्रामीणों को राहत मिली है। किसानों ने इसे अपने आंदोलन की जीत बताया है।

गेल (इंडिया) लिमिटेड द्वारा ग्राम नवागांव प.ह.न.6 तहसील बोरी स्थित भूमि खसरा नंबर 1269/2 रकबा 0.3040 हेक्टेयर भूमि का औद्योगिक प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन हेतु आवेदन अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय में किया गया था। आवेदन राजस्व विभाग में विचाराधीन था। उसके बावजूद बिना डायवर्सन अनुमति के गेल (इंडिया) द्वारा निर्माण कार्य किया जा रहा था, जिसका विरोध ग्रामीणों द्वारा शुरू से किया जा रहा है। संदर्भित भूमि पर चल रहे निर्माण कार्य पर रोक लगाने किसानों ने 31 जनवरी को एसडीएम कार्यालय धमधा में विरोध जताया था। गैस पाइप लाइन प्रभावित किसान संघर्ष समिति व छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा समिति ने संभागायुक्त दुर्ग को ज्ञापने देकर पीड़ित किसानों को इंसाफ दिलाने की मांग की मांग की थी। गैस पाइपलाइन प्रभावित किसान संघर्ष समिति ने दावा आपत्ति दर्ज कर गेल (इंडिया) के आवेदन को निरस्त कर नियमानुसार कार्यवाही करने की माँग की थी। इस प्रकरण की जाँच के लिए अधीक्षक भू-अभिलेख शाखा दुर्ग को भेजा गया था। किसान नेता संदीप पटेल ने बताया कि अधीक्षक भू- अभिलेख दुर्ग से प्राप्त जाँच रिपोर्ट के आधार पर धमधा एसडीएम द्वारा कार्यवाही करते हुए गेल (इंडिया) के आवेदन को ख़ारिज किया है। कंपनी द्वारा ग्राम पंचायत के बिना प्रस्ताव और एनओसी के आवेदन लगाया गया था। एसडीएम द्वारा कंपनी का आवेदन खारिज किया जाना हमारे आंदोलन की एक जीत है। आवेदन निरस्त करने के साथ नियमानुसार आगे की कार्यवाही करनी होगी। आदेश से स्पष्ट हो गया कि गेल (इंडिया) लिमिटेड नियमों को ताक में रखकर दुर्ग ज़िले में कार्य कर रही है। नवागांव के पूर्व सरपंच समारु देशलहरा ने एसडीएम द्वारा गेल इंडिया के आवेदन को खारिज किए जाने को किसानों के आंदोलन की बड़ी जीत बताया।

### कंपनी के आवेदन को एसडीएम के निरस्त करने से किसानों को राहत



### जांच रिपोर्ट का इंतजार

छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्च समिति द्वारा भी दुर्ग संभाग आयुक्त को ज्ञापन दिया था। इसमें 15 दिन में जाँच कर और संयुक्त बैठक करने की मांग की गई थी। जाँच रिपोर्ट आने पर ऐसे कई उल्लंघन उजागर होने के आसार हैं। छमुमो के कलादास डहरिया ने कहा कि पंद्रह दिन पूरे होने वाले हैं। गैस पाइपलाइन प्रभावित किसान संघर्ष समिति जाँच रिपोर्ट का इंतज़ार कर रही है जिसके बाद संयुक्त बैठक दुर्ग संभाग आयुक्त की अध्यक्षता में होगी, जिसमे हम गेल (इंडिया) द्वारा किए जा रहे किसान विरोधी कार्यों पर चर्चा करेंगे। गेल इंडिया द्वारा लगातार नियमों का उल्लंघन कर ग्रामीणों की जमीन पर स्टेशन बनाने के साथ गैस पाइप लाइन बिछाई जा रही है। इससे होने वाले नुकसान से किसानों में अंसंतोष बढ़ रहा है।

### जिले के 21 गांव के किसान प्रभावित

गेल इंडिया लिमिटेड द्वारा बिछाई जा रही गैस पाइप लाइन से दुर्ग जिला के 21 गांव के किसान प्रभावित हो रहे है। ग्रामीणों के मुताबिक कंपनी व ठेका एजेंसी द्वारा बिना मुआवजा दिए किसानों के खेतों व जमीन से जबरिया पाइप लाइन बिछाई जा रही है। किसान इसकी शिकायत कलेक्टर दुर्ग सहित एसडीएम आदि कई अधिकारियों से शिकायत के साथ धरना प्रदर्शन भी कर चुके हैं। किसान नेता मनोज वर्मा ने बताया कि अब कंपनी के कृषि भूमि के औद्योगिक प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन हेतु किया गया आवेदन एसडीएम द्वारा खारिज किए जाने से ग्रामीणों को थोड़ी राहत मिलेगी। लेकिन सभी गांवों के किसानों को नियमानुसार मुआवजा दिलवाने के संघर्ष जारी रहेगा।

## सेक्टर-6 सोसाइटी के सदस्यों की दुर्घटना बीमा राशि अब 7 के बजाए 10 लाख



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

बीएसपी के कर्मियों की सहकारी संस्था इस्पात कर्मचारी को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-6 में सदस्यों के कल्याण एवं हित के लिए कुटुंब सहायक योजना एवं सामूहिक दुर्घटना बीमा की सुविधा का विस्तार किया गया है। सोसाइटी के अध्यक्ष बृजबिहारी मिश्र ने बताया कि 14 मार्च 2024 से 13 मार्च 2025 तक प्रभावी इस सामूहिक दुर्घटना बीमा पॉलिसी में सभी तरह के दुर्घटना कवरेज शामिल है। गत वर्ष की पॉलिसी में दुर्घटना में निधन होने पर 7 लाख की राशि देय थी,जिसे इस वर्ष बढ़ाकर 10 लाख रुपए कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में संस्था में चार हजार सदस्य हैं और सामूहिक दुर्घटना बीमा की पॉलिसी का नवीनीकरण यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड से कराया गया है। इसके अंतर्गत दुर्घटना बीमा में सदस्य की दुर्घटना होने पर 5000 रुपए प्रति सप्ताह की राशि एवं सदस्य की मृत्यु होने पर 10 लाख रुपये एक मुश्त राशि बीमा कंपनी के द्वारा सदस्य के आश्रित/नॉमिनी को प्रदान किए जाने का प्रावधान है। अध्यक्ष बृजबिहारी मिश्र ने बताया कि संस्था के अधिकांश सदस्यों द्वारा लंबे समय से आवर्ती जमा राशि (आरडी) में वृद्धि की मांग की जा रही थी। संचालक मंडल की 30 जनवरी की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया था कि जो सदस्य अपने वेतन से (आरडी) आवर्ती जमा की राशि में बढ़ोतरी करना चाहते हैं, वे इस हेतु संस्था कार्यालय में संपर्क कर आरडी की राशि में वृद्धि कर सकते हैं। दुर्घटना बीमा पॉलिसी के नवीनीकरण के दौरान अध्यक्ष मिश्र एवं संचालक मंडल के सदस्यों ने यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के प्रतिनिधि देवब्रत चक्रवर्ती को प्रीमियम की राशि का चेक एवं सदस्यों की सूची प्रदान की। इस दौरान संचालक मंडल के सदस्य हरिराम यादव,धनंजय चतुर्वेदी, नीरजा शर्मा,केपी चंद्राकर तथा संस्था प्रबंधक एम मुरलीधर उपस्थित थे।

- यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड से कराया नवीनीकरण

## वेलफेयर काउंसिल गोंड़ समाज का मिलन समारोह, बालिका शिक्षा पर किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

वेलफेयर कॉउन्सिल ऑफ गोंड समाज का राज्य स्तरीय सम्मेलन, वार्षिक आम सभा व पारिवारिक मिलन समारोह अंबेडकर भवन सेक्टर 6 में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में महिलाओं को संगठित करने महिला मंडल का गठन किया गया। गोटुल इण्डिया द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से मोटिवेशन किया गया। पारिवारिक मिलन कार्यक्रम मेंविवाह योग्य युवक, युवतियों का माता, पिता के साथ परिचय करवाया गया। गीत संगीत के बाद बुद्धिजीवियों द्वारा मौलिक अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया। समाज के अध्यक्ष रघुबर गोंड जी ने बालिकाओं की शिक्षा पर बल देते हुए कहा की बालिकाएं जितनी ज्यादा शिक्षित होगी समाज उतना ही आगे बढ़ेगा। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष अजय साह केशनाथ, अभिषेक गोंड, सुधाकर गोंड कमलेश प्रसाद महासचिव श्री अविनाश गोंडवाना, सहायक सचिव श्री धनेश प्रसाद, सहायक सचिव श्री राजकुमार प्रसाद, संगठन सचिव श्री जलेश्वर साह, कोषाध्यक्ष श्री संतोष प्रसाद, सहायक कोषाध्यक्ष श्री दीपक साह आदि समाज के लोग उपस्थित थे।

## पीएम मोदी भी ओबीसी मोर्चा से हैंः सांसद विजय

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

- विधानसभा स्तरीय सामाजिक सम्मेलन में सभी समाज का किया स्वागत और जताया आभार



आज यदि देश में विश्व में मोदी का गुणगान हों रहा है, तो ये एक-एक कार्यकर्ता की बदौलत है। जिनकी मेहनत का प्रतिफल है और आप सभी ने दुर्ग लोकसभा से कांग्रेस के चार चार मंत्रियों के रहते हुए एतिहासिक मतों से जीत दर्ज कराई थी। उक्त बांते सांसद विजय बघेल ने कही।

भारतीय जनता पार्टी के पिछड़ा वर्ग मोर्चा का विधानसभा स्तरीय सामाजिक सम्मेलन मंगलवार को हुआ। विधायक कार्यालय साजा में आयोजित इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि विजय बघेल सांसद दुर्ग लोकसभा रहे। अध्यक्षता ईश्वर साहू विधायक साजा ने की। कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता के तैल चित्र पर माल्यार्पण से किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी ओबीसी मोर्चा से है और मैं भी ओबीसी मोर्चा से हूं। सबसे अधिक ओबीसी मोर्चा हैं। आप ने देखा है मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने क्षेत्र को छोड़ कर दूसरे जगह से लड़ रहे हैं और भरें मंच पर उन्हीं के लोग उनके किए हुए करतुतो को बता रहे हैं। सभी समाज राजपूत, देवांगन, ठेठवार, ब्राह्मण, जैन, सिन्हा, विश्वकर्मा, कुर्मी, लोधी, साहू, सेन, यादव, सोनी, गौड़, सतनामी, मेहर, धोबी, ओड़िया, मुस्लिम, मरार, केवट, मानिकपुरी, कुम्हार, यादव सभी समाज के लोगों का स्वागत किया।

विधायक ईश्वर साहू ने कहा कि हम को साजा विधानसभा से ऐतिहासिक जीत दिलाना है और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बनाना है। साजा विधानसभा में ऐतिहासिक जीत दर्ज कराए थे सत्य और असत्य में सत्य की जीत हुई है।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि ओमप्रकाश जोशी जिला अध्यक्ष, खिलावन साहू प्रदेश उपाध्यक्ष, ओबीसी मोर्चा सुनीता हीरालाल साहू एवं दुर्ग संभाग प्रभारी होरी लाल सिन्हा, प्रदेश मंत्री दुर्ग संभाग सह प्रभारी पिछड़ा वर्ग मोर्चा विशिष्ट अतिथि बल्लूराम साहू भाजपा मंडल अध्यक्ष साजा पुन्नी यादव भाजपा मंडल अध्यक्ष थान खम्हरिया राजेन्द्र सिंह भाजपा मंडल अध्यक्ष परपोडी रोहित सिंह राजपूत आदि उपस्थित थे।

### अहेरी किसान बईठका में मौसम के कारण फसल को हुई क्षति के लिए बीमा लाभ और राहत की मांग



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन द्वारा बुधवार को अहेरी में किसान बईठका आयोजित किया गया जिसमें शामिल किसानों ने आंधी, तूफान, ओलावृष्टि और वर्षा के कारण चना गेहूं सहित उद्यानिकी फसलों को हुई क्षति के लिए शीघ्र सर्वे करने और बीमा लाभ प्रदान करने की मांग की गई किसानों ने आरबीसी 6-4 के अंतर्गत राहत राशि देने की मांग भी उठाई। किसान बईठका में किसान न्याय योजना की अंतिम किश्त की राशि न देने के लिए और पूर्व में सभी किसानों को मिलने वाली 9 हजार रुपए प्रति एकड़ की आदान राशि बंद करने के लिए विष्णुदेव साय सरकार की आलोचना की गई और सरकार को धान न बेचने वाले अन्य सभी किसानों को भी प्रति एकड़ 19257/- राशि देने की मांग किया, किसान बईठका में खेती किसानी से संबंधित अन्य मुद्दों पर भी चर्चा हुई। किसान बईठका में अनिरुद्ध वर्मा,उमेदी पटेल, मनोज कुमार वर्मा, गोपीराम ठाकुर, सुखदेव ठाकुर, संत कुमार टिकरहा, राजेन्द्र मढ़रिया, कुंजलाल वर्मा, श्यामलाल ठाकुर, ज्ञानेश्वर यादव, ठाकुर राम साहू, वरूण साहू, तुकाराम साहू, अर्जुन साहू, छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन के कांतिलाल देशमुख, मेघराज मढरिया, उत्तम चंद्राकर और राजकुमार गुप्त आदि शामिल रहे।

## महतारी वंदन की तरह भराए धड़ा-धड़ आवेदन, नहीं पहुंचे निर्देश

# पीएम सूर्यघर की गाइडलॉइन का इंतजार, अब तक सैकड़ों अर्जियां

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

केन्द्र सरकार द्वारा महतारी वंदन योजना की तरह चुनाव से पहले सर्वे कराकर लोगों से फार्म भराए गए है। लेकिन अब तक इस योजना का संचालन कौन करेगा या इसकी लागत कितनी होगी। जिले में कितने टारगेट है, ये सब सिर्फ चचाएं बनकर रह गई है। हितग्राही विभाग का चक्कर लगाकर थक गए है। लेकिन उन्हें वास्तविक जानकारी नही मिल पा रही है।

केन्द्र सरकार द्वारा पीएम सूर्य घर योजना लांच की गई थी। केन्द्र के केबीनेट द्वारा देशभर में एक करोड घर के लिए 75 हजार करोड रूपए सब्सिडी का प्रावधान किया गया था। आनन-फानन में चुनाव के पहले सर्वे भी कराया गया। यह सर्वे पोस्ट आफिस के पोस्ट मास्टरों द्वारा किया गया है। इसके आलावा सीएससी (कामन सर्विस सेंटर) द्वारा भी सर्वे कराया गया। साथ ही इस योजना के तहत पोर्टल में भी आनलाइन आवेदन लिए गए है।

अब तक जिले में 469 फार्म आ चुके है। लेकिन इस फार्म का आगे करना क्या है। इसे लेकर अधिकारियों में भी संशय की स्थिति निर्मित है। हांलाकि आवेदन लेने के बाद अधिकारी आचार संहिता का हवाला देकर बचते नजर आ रहे है।

### हितग्राहियों के छतों में लगने है सौर ऊर्जा प्लांट, सीएससी सेंटर में ले रहे आवेदन



### कौन सी कंपनी, कौन करेगा निगरानी पता नहीं?

इस योजना को लेकर अगल-अलग तीन से चार विभागों द्वारा सर्वे कराया गया है। लेकिन अब तक छग व जिले में कौन सी कंपनी इसका कार्य करेगी। किस विभाग को मानिटरिंग की जिम्मेदारी दी गई है। इससे खुद क्रेडा विभाग के अधिकारी अनभिज्ञ है। क्रेडा विभाग से जुडी इस योजना में अब तक उन्हें ही गाइडलाइन नही दी गई है। जिसके चलते हितग्राही से ज्यादा अफसर हलाकान हैं।

### आनलाइन ले रहे पोर्टल में आवेदन

जानकारी अनुसार विधानसभा चुनाव के पहले पीएम सूर्यघर डाट जीओवी डाट इन के तहत पोर्टल भी जारी हो गया। जिसमें सीएससी सेंटर द्वारा आवेदन लिए गए। सीएससी सेंटर के कर्मचारियों द्वारा सर्वे भी कराया गया है। वही पोस्ट मास्टरों ने भी सर्वे किया है। अब तक इस योजना को लेकर बिजली विभाग, क्रेडा विभाग में तालमेल बैठता नही दिख रहा है। यही कारण है कि, हितग्राही भी संशय में है।

## खबर संक्षेप

### चाकूबाजी की घटना में तीन दिन बाद एफआईआर

**रायपुर।** मौदहापारा थाना क्षेत्र में तीन दिन पूर्व चाकूबाजी की घटना में पुलिस ने तीन लड़के तथा उनके साथियों के खिलाफ हत्या की कोशिश सहित बलवा का मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक राज रक्सेल की शिकायत पर पुलिस ने अमीत अहमद, अनश खान, कसीम तथा अन्य के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। राज ने पुलिस को बताया है कि 17 मार्च को देर शाम बदमाशों ने उसके बेटे रवि की कार को रोककर उसके साथ मारपीट करते हुए चाकू से जानलेवा हमला कर दिया।

### कार पलटी, बड़ा हादसा टला



**रायपुर।** तेलीबांधा थाना क्षेत्र में मेडिकल कालेज में पढ़ने वाले छात्र की कार पलटने से बड़ा हादसा टल गया। घटना एक्सप्रेस वे में देर रात की है। पुलिस के मुताबिक घटना मंगलवार देर रात की है। मेडिकल कालेज में पढ़ने वाला डॉ. राहुल वर्मा अपनी कार से शंकर नगर से तेलीबांधा की तरफ जा रहा था। इसी दौरान कार के सामने एक स्ट्रीट डॉग आ गया। कुत्ते को बचाने के लिए राहुल ने कार को साइड किया, तो कार फूटपाथ पर चढ़ कर पलट गई। कार में लगे एयर बैग खुलने की वजह से राहुल को मामूली चोटें आई हैं। कार का शीशा तोड़कर राहुल को बाहर निकाला गया।

### स्मार्ट सिटी एमडी ने किया छुहिया तालाब का निरीक्षण

**रायपुर।** स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रबंध संचालक अबिनाश मिश्रा ने टिकरापारा के समीप लगभग दो एकड़ क्षेत्र में बने छुहिया तालाब में चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। तीन दशक पुराने इस तालाब का कायाकल्प रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड कर रहा है। उन्होंने अंतिम चरण के शेष कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश प्रभारी इंजीनियर एवं कार्य एजेंसी को दिए है। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा शहीद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड के छुहिया तालाब को प्रदूषण मुक्त रखने एवं इसके कायाकल्प की योजना पर काम किया जा रहा है। इसके अंतर्गत एक मीटर चौड़ाई के नालियों का निर्माण कर तालाब में पहुंचने वाले प्रदूषित जल को डायवर्ट करने की व्यवस्था की गई है। तालाब गहरीकरण के साथ ही टो-वॉल पीचिंग व आने जाने वालों की सुविधा के लिए पाथवे और रोशनी व्यवस्था की गई है। महिला एवं पुरुषों के उपयोग के लिए पृथक-पृथक प्रसाधन कक्ष भी यहां तैयार किए जा रहे है। प्रबंध संचालक मिश्रा ने निरीक्षण भ्रमण के दौरान तालाब के प्रभारी इंजीनियर को शेष बचे कार्य अप्रैल माह तक पूरे कर लेने के निर्देश दिए है।

### भाजपा की सरकार बनने पर राज्य की कानून व्यवस्था ध्वस्त

**रायपुर।** भाजपा की सरकार बनने के बाद राज्य की कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गयी है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, साय सरकार के राज में महिलाओं के प्रति अपराधों में बेतहाशा बढ़ोतरी हो गयी है। मासूम बच्चियों के साथ घृणित दुराचार की घटनाएं बढ़ गयीं। रोज समाचारों में प्रदेशभर में तीन से चार मासूम अबोध बच्चियों के साथ तथा सामूहिक दुराचार की घटनाओं की खबरे सामने आ रही हैं। तीन माह में प्रदेश में 36 से अधिक हत्याएं हुई हैं। राजधानी रायपुर में तीन गोलीकांड, लूट, चाकूबाजी, चेन स्नैचिंग तो इसकी पहचान बन गया है। उन्होंने कहा, भाजपा राज के तीन महीने में ही छत्तीसगढ़ अपराध गढ़ बन गया है। भाजपा राज में अपराधी बेलगाम हो गये। प्रदेश में आम आदमी का जीवन सुरक्षित नहीं है। दुर्ग में 16 वर्ष की एक मासूम बच्ची के गले में ब्लेड मार कर हत्या की कोशिश की गई। दो महीने में राजधानी में सरेआम गोलीबारी की दो घटनायें हो गयीं। राजिम में एक 10 वर्षीय नाबालिक बच्ची के साथ इसी हफ्ते बालोद जिले में 2 वर्षीय बच्ची के साथ, अंबिकापुर जिले में नाबालिग बच्ची के साथ बलात्कार की घटना घटती है। गृहमंत्री के गृह क्षेत्र कवर्धा में सरेआम हत्या हो गयी। ऐसी ही घटना पर सांप्रदायिकता का जहर घोलने वाले भाजपाई इस घटना पर मौन हो गये हैं।

# बीस दिन में नहीं हो सकी आई-ड्राप की जांच, रिपोर्ट के इंतजार में अटका मामला

## औषधि विभाग ने पकड़ा था सस्ती दवा की महंगी पैकिंग का मामला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

अलग खबर

छापेमारी के बाद लिए गए आई-ड्राप के सैंपलों की जांच बीस दिन बाद भी पूरी नहीं हो सकी है। औषधि विभाग जांच रिपोर्ट नहीं मिलने की वजह से अपनी इंवेस्टीगेशन आगे नहीं बढ़ा पा रहा है। खाद्य विभाग ने तेलीबांधा के एक निजी अस्पताल की दवा दुकान से बड़ी मात्रा में आई-ड्राप बरामद किया था।

खाद्य एवं औषधि विभाग द्वारा की जाने वाली किसी भी कार्रवाई में संबंधित वस्तुओं की सैंपल जांच की रिपोर्ट काफी मायने रखती है। रिपोर्ट मिलने में लगने वाले काफी वक्त की वजह से इंवेस्टीगेशन लंबित हो जाता है और मामला न्यायालय तक पहुंचने में काफी देर हो जाती है। फरवरी के अंतिम दिनों में जब औषधि विभाग की टीम ने तेलीबांधा के एक अस्पताल में संचालित मेडिकल स्टोर्स में पकड़े गए आई-ड्राप का मामला भी कुछ ऐसा ही प्रतीत हो रहा है। टीम ने कार्रवाई के दौरान भारी मात्रा में ऐसे आई ड्राप को पकड़ा था, जिसकी पैकिंग की कीमत काफी अधिक थी और भीतर दवा का वास्तविक मूल्य बहुत कम था। छापेमारी के बाद आई-ड्राप से संबंधित सामान जब्त किया गया और दवा का सैंपल लेकर जांच के लिए राज्य के लैब में भेजा था। जांच रिपोर्ट के आधार पर यह तय होगा कि दस रुपए की दवा कितनी कारगर है। लंबा समय बीतने के बाद भी रिपोर्ट नहीं मिलने की वजह से औषधि विभाग की जांच अटकी हुई है। इस बारे में अधिकारियों का अनुमान है कि जांच रिपोर्ट अब होली के बाद ही मिलेगी।



### प्रिंटिंग प्रेस तक गई थी टीम

दवा दुकान में जानकारी लेने के बाद औषधि विभाग की टीम पंडरी प्रिंटिंग प्रेस तक गई थी, जहां आई-ड्राप की कीमत बढ़ाने के लिए दूसरी कंपनी के नाम से डिब्बे प्रिंट कराए जाते थे। इसके अलावा जांच का दायरा चंगोराभाठा के दवा डिस्ट्रीब्यूटर्स तक पहुंचा था। मामले में जांच पूरी होने के बाद प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

## एक अन्य मामले में गंज पुलिस ने झारखंड के एक नाबालिग सहित पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया

# अंतर्राज्यीय बदमाशों ने उड़ाई नींद, चेन स्नैचिंग में इंटर स्टेट गिरोह का हाथ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए पुलिस एक तरफ जहां स्थानीय बदमाशों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रही है, वहीं पुलिस के लिए बाहरी गिरोह परेशानी बढ़ाने का काम कर रहे हैं। पुलिस द्वारा बाहरी गिरोह से जुड़े लोगों के खिलाफ जितनी कार्रवाई की गई है, उनमें से ज्यादातर लोग गांजा, नशीला टेबलेट की तस्करी करते पकड़े गए हैं। इसी बीच राजधानी में अंतर्राज्यीय गैंग के बदमाश चेन स्नैचिंग के साथ डकैती जैसी घटना को अंजाम देकर रफूचक्कर हो गए हैं। मोबाइल चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के एक नाबालिग सहित पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। सिविल लाइंस तथा देवेंद्र नगर थाना क्षेत्र में पिछले दिनों बुजुर्ग महिलाओं के साथ चेन स्नैचिंग की घटना में शामिल बदमाशों के इंटर स्टेट गिरोह से जुड़े होने की पुलिस को जानकारी मिली है। जानकारी के आधार पर इंटर स्टेट गिरोह के बदमाशों को पकड़ने पुलिस की एक टीम रवाना की गई है। साथ ही स्थानीय स्तर पर संदेह के आधार पर पुलिस कुछ लोगों को थाने ले जाकर पूछताछ कर रही है।

### झारखंड का मोबाइल चोर गिरोह पुलिस के हत्थे चढ़ा



एक अन्य मामले में गंज थाने की पुलिस ने बुधवार को झारखंड, सागेबगंज के रहने वाले एक नाबालिग सहित पांच बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी के सात मोबाइल जब्त किया है। पुलिस के अनुसार मोबाइल चोरी करने के आरोप में शिवा महतो, जतन कुमार महतो, बिरझू सिंह, राहत कुमार महतो को गिरफ्तार किया गया है।

### शराब खरीदने मोबाइल बेचने पहुंचे थे

पुलिस के अनुसार जिन बदमाशों को मोबाइल चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है, उनका एक साथी मंगलवार रात शराब खरीदने पैसों की व्यवस्था करने तेलघानी नाका चौक स्थित अंग्रेजी शराब दुकान के पास मोबाइल बेचने ग्राहक तलाश रहा था। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली। इसके बाद सिविल में एक पुलिसकर्मी मोबाइल खरीदने पहुंचा। पूछताछ करने पर पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की। इसके बाद पुलिस ने उस युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की, तो उसने अपने अन्य साथियों का नाम बताया।

### माना डकैती का अब तक नहीं मिला सुराग

पिछले सप्ताह माना में डकैती डालने तथा माना में ही एक घर में तथा इसके पूर्व राखी में दो घरों को निशाना बनाने की कोशिश करने वाले बदमाशों के बारे में पुलिस को अब तक किसी भी प्रकार से कोई क्लू नहीं मिला है। बदमाशों की पड़ताल करने पुलिस नया रायपुर से सटे आसपास के गांवों से लेकर रायपुर के रेलवे स्टेशन तथा इंटर स्टेट बस टर्मिनल तक फूटेज खंगाल चुकी है। बावजूद इसके बदमाशों के बारे में पुलिस को कोई क्लू नहीं मिल पाया है।

### भाग जाने की आशंका

माना में डकैती डालने वाले बदमाशों के पूर्व में दो कोशिश में नाकाम होने के बाद तीसरी कोशिश में सफल होने पर पुलिस को बदमाशों के शहर छोड़कर भाग जाने की आशंका है। पूर्व के दो कोशिशो में नाकाम होने के बाद भी बदमाश शहर में जमे रहे। डकैती की घटना में 15 लाख रुपए से ज्यादा के सोने-चांदी के जेवर मिलने के बाद पकड़े जाने की आशंका पर बदमाशों के शहर छोड़कर भाग जाने की पुलिस आशंका व्यक्त कर रही है।

### चेन स्नैचर हाल ही में जेल से छूटे

राजधानी में दो चेन स्नैचिंग की घटना को अंजाम देने वाले बदमाश पूर्व में भी चेन स्नैचिंग के मामले में गिरफ्तार हो चुके हैं। पुलिस के अनुसार हाल के दिनों में चेन स्नैचर जेल से छूटे हैं। बदमाशों ने कहां चेन स्नैचिंग की थी, उनके खिलाफ कहां अपराध दर्ज है, पुलिस फिलहाल इस संबंध में कुछ भी बताने से बच रही है। पुलिस ने चेन स्नैचरों के जल्द पकड़े जाने का दावा किया है।

# 4 लाख रुपए बकाया, भुगतान नहीं करने पर दुकान सील



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

- नगर निगम का राजस्व विभाग की कार्रवाई

राजधानी रायपुर में नगर निगम के राजस्व विभाग ने पुराने बड़े बकायेदारों से वसूली करने मुहिम छेड़ी हुई है।

इसके तहत बुधवार को टीम ने जोन 5 के वार्ड क्रमांक 41 में एक दुकान को सील करने की कार्रवाई की। इस दुकान के संचालक ने पिछले कई वर्षों से संपत्ति कर का भुगतान नहीं किया है।

बकाया राशि को लेकर विभाग संचालक को कई बार नोटिस भी जारी किया गया, बावजूद वह बकाया राशि अदा नहीं कर रहा था। विभागीय टीम ने अब इस दुकान में ताला लगाकर उसे सीलबंद कर दिया। दुकान के संचालक का नाम अनिमेष मिश्रा है।

### कार्रवाई के भय से करने लगे बकाया राशि का भुगतान

राजस्व विभाग की लापरवाही एवं अनदेखी के कारण पिछले कई सालों से शहर के कई छोटे-बड़े दुकानों के संचालकों ने संपत्ति कर अदा नहीं किया है। इसके कारण ऐसी दुकानों पर लाखों रुपए बकाया हो गया है। ऐसे बकायेदारों से बकाया की राशि वसूलने राजस्व विभाग अब अभियान चला रहा है। इस अभियान का भय बकायेदार दुकान संचालकों पर भी दिखाई दे रहा है, क्योंकि बकाया अदा नहीं करने पर विभाग दुकान को सीलबंद के बाद कुर्की की कार्रवाई भी कर रहा है। विभाग की इस कार्रवाई से बचने के लिए कई दुकानदार तत्काल बकाया राशि का भुगतान भी कर रहे हैं। जोन 8 क्षेत्र में स्थित पार्थिवी ग्रुप के संचालक शैलेश वर्मा ने सीलबंद की कार्रवाई से बचने के लिए 24 घंटे के भीतर 18 लाख 50 हजार रुपए का भुगतान कर दिया, जबकि उस पर 22 लाख रुपए बकाया है। विभाग ने संचालक को शेष बकाया राशि को भुगतान करने के लिए समय दिया है।

# भाजपा ने विकसित भारत संकल्प एलईडी रथ की पूजा कर किया रवाना

## यह प्रचार का नहीं, विश्वास का रथ है- किरण देव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रदेश अध्यक्ष किरण देव एवं लोकसभा चुनाव प्रबंध समिति के संयोजक शिवरतन शर्मा ने भाजपा मुख्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में विकसित भारत संकल्प एलईडी रथ की विधि विधान से पूजा अर्चना कर रवाना किया। एलईडी रथ के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी सभी 11 लोकसभा क्षेत्रों में मोदी सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार कर रही है। 22 एलईडी वाहनों को पूजा के बाद रवाना किया इससे पूर्व प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने फरवरी में ही इस अभियान के तहत 11 वाहन को रवाना कर दिया था, आज इस अभियान का भाजपा ने विस्तार करते हुए प्रचार अभियान और तेज कर दिया है।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा, भाजपा के सभी 11 प्रत्याशी घोषित हो चुके हैं। भाजपा इस बार छत्तीसगढ़ की जनता के आशीर्वाद से 11 की 11 लोकसभा सीट जीतने जा रही है और देश में हम मोदी जी के नेतृत्व में 400 पार जा रहे हैं। तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाना तय है। उन्होंने कहा, देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम सभी कार्यकर्ता चुनाव में जुट हुए हैं। उन्होंने कहा, भाजपा का एलईडी प्रचार वाहन प्रदेश के कोने कोने तक नरेंद्र मोदी का और विष्णुदेव साय का संदेश लेकर जनता के बीच पहुंचेगा। अभियान के माध्यम से सभी लोकसभा के शक्ति केंद्र तक गांव गांव तक जन जन तक भाजपा का प्रचार वाहन पहुंचेगा।



### जनता दे सकती है सुझाव

केंद्र सरकार और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुंचेगी। साथ ही सभी वाहनों में हमने सुझाव पेटी की व्यवस्था की है, जिसके माध्यम से जनता सुझाव दे सकती हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा की जनता का सुझाव आवश्यक है और हमारा नारा भी है सबका साथ सबका विकास सब का प्रयास और सब का विश्वास और हमने देश की जनता और प्रदेश की जनता का विश्वास जीता है।

### फसल नुकसान का तहसीलदार ने लिया जायजा

**दुर्ग।** विगत दो दिनों से बेमौसम बारिश से फसल नुकसान का आंकलन करने दुर्ग तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता ग्राउंड जीरो पर पहुंचे। उन्होने गेंहू, चना व अन्य फसलों की जानकारी किसानों से ली। उन्होने किसानों को हेल्पलाइन नंबर पर क्लेम करने के निर्देश दिए। दुर्ग ब्लाक में फसल नुकसान का आंकलन करने के लिए दुर्ग तहसीलदार प्रफुल्ल कुमार गुप्ता, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी नवीन खोबरागड़े, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी कामेश वर्मा द्वारा क्षेत्र के किसानों के साथ ग्राम महमरा, गनियारी, अरसनरा, ननकट्टी संयुक्त भ्रमण कर फसल गेंहू, चना, उद्यानिकी फसल में केला, टमाटर, का निरीक्षण अवलोकन किया। धमधा तहसील और उससे लगे हुए ग्रामों में ओलावृष्टि की सूचना है। बेमौसम बारिश से हुए नुकसान का आंकलन करने राजस्व, कृषि, उद्यानिकी, बीमा कंपनी की टीम सर्वे कर रही है। तहसीलदार ने बताया कि, राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत तैतीस फीसदी से अधिक नुकसान पर ही आर्थिक सहायता राशि दिए जाने का प्रावधान है।

# अब तक हटाए गए 3.15 लाख बैनर, पोस्टर और वॉल राइटिंग




हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ में में लोकसभा आम निर्वाचन के लिए आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के बाद से संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत सार्वजनिक और निजी संपत्तियों से वॉल राइटिंग, पोस्टर और बैनर हटाने का काम तेजी से किया जा रहा है।

राज्य में इन दोनों तरह की संपत्तियों से 20 मार्च तक कुल तीन लाख 14 हजार 674 प्रचार सामग्रियां हटाई गई हैं। सार्वजनिक संपत्तियों से संबंधित एक लाख 99 हजार 154 और निजी संपत्तियों से संबंधित एक लाख 15 हजार 520 प्रकरणों पर कार्रवाई की गई है। संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में कुल 8935, रायगढ़ में 4557, सूरजपुर में 3942, कांकेर में 4591, बिलासपुर में 27 हजार 881, दंतेवाड़ा में 1383, महासमुंद में 23 हजार 137, जांजगीर-चांपा में 8531, बस्तर में 823, कोरबा में 19 हजार 343, कोण्डागांव में 12 हजार 339, कबीरधाम में 12 हजार 700, बीजापुर में 1886, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 5774, राजनांदगांव में 16 हजार 927, बलरामपुर-रामानुजगंज में 5917, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 4109, कोरिया में 2816, नारायणपुर में 191, मुंगेली में 4542, सक्ती में 6917, धमतरी में 8735 और रायपुर में 33 हजार 126 संपत्तियों से वॉल राइटिंग, पोस्टर और बैनर हटाने की कार्यवाही 20 मार्च तक की गई है।

### प्रदेश के सभी जिलों में हुई कार्रवाई

राज्य की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि सभी कलेक्टरों और जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत प्रदेश भर में कुल तीन लाख 27 हजार 210 प्रकरण चिन्हांकित किए गए हैं। इनमें सार्वजनिक संपत्ति से संबंधित दो लाख नौ हजार 45 और निजी संपत्ति से संबंधित एक लाख 18 हजार 165 प्रकरण शामिल हैं। सभी जिला प्रशासन द्वारा इन्हें हटाने की कार्यवाही तेजी से जारी है। अधिनियम के अंतर्गत दुर्ग जिले में सरकारी और निजी संपत्तियों से बैनर, पोस्टर, वॉल राइटिंग इत्यादि हटाने की 41 हजार 788, सुकमा में 2048, गरियाबंद में 5784, बेमेतरा में 8928, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई में 2819, बालोद में 16 हजार 973, जशपुर में 4425, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 2931 और सरगुजा में 9876 कार्यवाही की गई हैं।

## जनपद सदस्य से लेकर विधायक और पूर्व विधायकों को तोड़ने का प्रयास

# महंत ने कहा- कांग्रेस नेताओं पर भाजपा प्रवेश करने का बनाया जा रहा दबाव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने आरोप लगाया कि प्रदेशभर में हमारे कांग्रेस नेताओं को डराया जा रहा, दबाव बनाया जा रहा है कि वे भाजपा में शामिल हो जाएं। उन्होंने कहा, पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के पास भी पास भी फोन आ रहे हैं। संवाददाताओं से चर्चा में उन्होंने कहा, ये उन्हें पूरी तरह से डराने और धमकाने की कोशिश है। यह बात अब जग जाहिर हो चुकी है, लेकिन हमारे नेता ने हिम्मत से काम लिया। उन्होंने कहा कि न तो मैं कोर्ट जाऊंगा, न ही जमानत लूंगा। मैं अपनी लड़ाई खुद लड़ूंगा और उनकी इस लड़ाई में हम सब उनके साथ हैं। महंत का आरोप है कि जयसिंह सहित प्रदेश के कांग्रेस नेताओं पर भाजपा में शामिल होने का दबाव बनाया जा रहा है। उनका आरोप है कि जयसिंह सहित प्रदेश के कांग्रेस नेताओं पर भाजपा में शामिल होने का दबाव बनाया जा रहा है। भाजपा के पास कोई मुद्दा नहीं रह गया है, इसके चलते हमारे जनपद सदस्य से लेकर विधायकों तक को तोड़ने का प्रयास कर रहे हैं।



### भूपेश को साजिश के तहत फंसाया

राजनांदगांव में भूपेश बघेल के सामने मंच पर कार्यकर्ता के आरोपों को भी उन्होंने भाजपा की साजिश बताया है। महादेव सट्टा ऐप केस में ईडी की ओर से ईओडब्ल्यू में दर्ज कराई गई एफआईआर में पूर्व सीएम भूपेश बघेल का भी नाम भूपेश बघेल को साजिश के तहत फंसाने का प्रयास किया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री जिस मामले में स्वयं 2022 से कार्रवाई कर रहे हैं, 72 केस दर्ज किए। 400 लोगों की गिरफ्तारियां हुईं। उसमें भूपेश बघेल पर झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं। जबरदस्ती उनका नाम जोड़कर परेशान करने की कोशिश हो रही है। षड्यंत्र के तहत उनका नाम डाला गया है।

### ऐसी राजनीति कभी नहीं हुई

उन्होंने कहा, इस तरह की राजनीति कभी नहीं हुई। यह लोग हमारे नेताओं को लगातार फोन कर रहे हैं। हमारे कई विधायक और पूर्व विधायक हैं, जिनसे संपर्क में रहने का प्रयास कर रहे हैं। जयसिंह अग्रवाल जैसे हमारे दबंग नेता के पास भी उनकी कोशिश जारी है। यह पूरी तरह से नाकाम रहेगी, इनके बहकावे में कोई नहीं आएगा।

### इन नेताओं पर भी बना रहे दबाव

चरण दास महंत ने कहा एक बात समझ में नहीं आ रही है कि बीजेपी लगातार केवल हमारे ही क्षेत्र में नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश में जो जनपद के सदस्य हैं, अध्यक्ष हैं, नगर पालिका के सदस्य हैं, मेयर हैं, सब पर कोई न कोई ऐसा दबाव बना रही है कि वह कांग्रेस को छोड़कर भाजपा में शामिल हो जाएं।

### बीजेपी में डर का माहौल

उन्होंने कहा, बीजेपी को डर है कि जो सुबह से शाम तक यहां चिल्ला रहे थे कि हम 11 सीट जीतेंगे, उनको 11 सीट नहीं मिलेगी। पूरे देश में हल्ला कर रहे हैं कि 400 सीट, 400 सीट, वह भी केवल एक सपना मात्र है, जो कभी पूरा नहीं होगा। वहीं सोशल मीडिया पर चल रहे कार्टून वॉर को लेकर भी कहा, चुनाव में कई तरह की बातें होती हैं, प्रचार-प्रसार होते रहते हैं।

# दो सूचना आयुक्तों ने ली शपथ



**रायपुर।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने बुधवार को राजभवन के दरबार हाल में आयोजित समारोह में नवनियुक्त राज्य सूचना आयुक्त नरेंद्र कुमार शुक्ल एवं आलोक चन्द्रवंशी को राज्य सूचना आयुक्त पद की शपथ दिलाई। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने शपथ प्रक्रिया पूर्ण कराई।

शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल के सचिव यशवंत कुमार, सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव डीडी सिंह, पूर्व मुख्य सूचना आयुक्त एमके राउत, सरजियस मिंज, पूर्व राज्य सूचना आयुक्त एसके तिवारी, एके अग्रवाल, मोहन पवार, मनोज त्रिवेदी, धनवेंद्र जायसवाल, राज्य सूचना आयोग के सचिव गोपाल वर्मा सहित आईपी मिश्रा, राकेश चतुर्वेदी, डॉ. सुरेंद्र शुक्ल, एलएन तिवारी, अंजनी कुमार शुक्ल, डीसी पाण्डेय, अनुराग दीवान एवं नवनियुक्त राज्य सूचना आयुक्तों के परिजन व नागरिक उपस्थित थे। ज्ञात हो कि राज्य सूचना आयुक्त नरेंद्र कुमार शुक्ल सेवानिवृत आईएएस अधिकारी हैं एवं कलेक्टर बालोद एवं कमिश्नर टाउन एंड कंट्री प्लानिंग आदि पदों पर कार्यरत रहे हैं। आलोक चंद्रवंशी पूर्व जोन कमिश्नर रहे हैं।

खबर संक्षेप

## थलसेना अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन लेंगे आज तक

**बेमेतरा।** भारतीय थलसेना में अग्निवीर सैनिक के पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीय, आवेदन की अधिसूचना 13 फरवरी को जारी की गई थी। ऑनलाइन आवेदन के लिए अंतिम तिथि 22 मार्च नियत है। बेमेतरा जिले के इच्छुक अविवाहित अभ्यर्थी अपना आवेदन थलसेना की वेबसाइट में जाकर अनिवार्य रुप से भर दें। यह भर्ती जनरल ड्यूटी तकनीकी, ऑफिस असिस्टेंट, ट्रेडमैन, महिला सैन्य पुलिस एवं एवं नर्सिंग असिस्टेंट के पदों पर की जानी है। इच्छुक उम्मीदवार की शैक्षणिक योग्यता किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड / संस्था से 8वीं, 10वीं या 12वीं कक्षा/आईटीआई / इंजीनियरिंग डिप्लोमा उत्तीर्ण हो। 31 अक्टूबर 2024 की स्थिति में आयु 17 से 21 वर्ष होनी चाहिए। उम्मीदवार की ऊँचाई, वजन, सीना विभिन्न पदों के लिए अलग-अलग निर्धारित की गई है। उम्मीदवार को चयन हेतु कम्प्यूटर आधारित ऑनलाइन लिखित परीक्षा, शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं चिकित्सा परीक्षा उत्तीर्ण करना होगा। भर्ती की विस्तृत जानकारी के लिए थलसेना की वेबसाइट या सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के तथा जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, बेमेतरा से संपर्क कर प्राप्त किया जा सकता है।

## समर कैंप में बच्चों ने सीखी अनेक विधाएं



**रायपुर।** शिवांश इंटरनेशनल स्कूल काठाडीह में आयोजित 10 दिवसीय समर कैंप का समापन बुधवार को किया गया। इस समर कैंप में विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों सहित स्कूल और आसपास के करीब 900 बच्चों ने भाग लिया। समर कैंप में बच्चों को जुंबा, डांस, म्यूजिक, योगा, वॉलीबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन, शतरंज, कैरम, ड्राइंग, आर्ट एंड क्राफ्ट, कोडिंग, रोबोटिक्स, पर्सनैलिटी डेवलपमेंट, अबेकस, वैदिक मैथ्स, मेंटल मैथ्स, सेल्फ डिफेंस, पॉटरी मेकिंग, सिखाया गया। समर कैंप के समापन के अवसर पर स्कूल की प्राचार्या दीपाली त्रिपाठी ने बच्चों को सर्टिफिकेट प्रदान किया तथा उनके द्वारा सीखी गई कला को जीवन भर संवारने की सलाह दी।

## छात्र-छात्राओं सहित 150 लोगों ने किया भोजन

**रायपुर।** लायंस क्लब रायपुर डायमंड की ओर से शासकीय योजनानुसार शासकीय मीडिल स्कूल बढ़ईपारा में बुधवार को भोज न्योता का आयोजन किया गया। इसमें स्कूल के छात्र-छात्राओं सहित 150 लोग लाभान्वित हुए। इसके अंतर्गत स्वादिष्ट एवं पौष्टिक भोजन परोसा गया। मनशीश केजू ने बताया कि हाईस्कूल की प्राचार्य गायत्री शर्मा, प्रधान पाठिका प्रणीता सोनी सहित माध्यमिक तथा हाईस्कूल के सभी शिक्षक और विद्यार्थियों ने भोजन किया। संकुल समन्वयक राजेंद्र बंजारे भी शरीक हुए। क्लब की चार्टर प्रेसिडेंट माला पॉल, अध्यक्ष नीतू निर्मलकर, कोषाध्यक्ष संगीता सालोमन, हेमंत निर्मलकर, अरुण सालोमन, ऋषिका झा, ऋषि, शिखा, डीके दानी ने सभी को भोजन परोस कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराईं।

# शराब की अवैध बिक्री पर कड़ी नजर रखें व लगातार कार्रवाई करें

### कलेक्टर व एसपी ने देशी मदिरा वेयर हाउस का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

लोकसभा आम निर्वाचन और होली के त्यौहार को देखते हुए सुरक्षा आदि की दृष्टि से कलेक्टर रणबीर शर्मा और पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने गुरुवार को ज़िला मुख्यालय कोबिया स्थित देशी मदिरा वेयर हाउस का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में संधारित पंजियों की जांच की। वेयर हाउस में संग्रहित मदिरा स्कंध का सत्यापन किया गया। कलेक्टर श्री शर्मा ने उपलब्ध देशी मदिरा के मूल्य, देशी मदिरा भंडारण क्षमता आदि की जानकारी ली। दुकान के आसपास स्वच्छता बनाए रखने की बात कही। वेयर हाउस में लगे समस्त सीसीटीवी कैमरे चालू हालत में पाए गए, जिसके माध्यम से देशी मदिरा स्कंध पर सतत निगरानी रखी जा रही है। कलेक्टर ने आबकारी अधिकारियों को निर्वाचन निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शराब की अवैध बिक्री पर कड़ी नजर रखें और लगातार कार्रवाई करें। निरीक्षण के दौरान अपर डॉ अनिल बाजपेयी, सीएसपी ज्योति सिंह, ज़िला आबकारी अधिकारी नितिन खण्डूजा, आबकारी विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने साफ सफाई बनाए रखने एवं दीवारों में पेंट करवाने को कहा कि साथ ही पुलिस अधीक्षक श्री साहू द्वारा निर्देशित किया गया कि लाइटिंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। साथ ही मदिरा दुकान का संचालन लाइसेंस शर्तों के अनुसार निर्धारित समय तक ही करें। किसी भी व्यक्ति को निर्धारित मात्रा से अधिक मात्रा में मदिरा का विक्रय ना करें एवं समस्त अभिलेख प्रतिदिन अध्ययन रूप से संधारित करें।



#### जिले में कुल 16 दुकानें

जिला आबकारी श्री खण्डूजा ने बताया कि जिले में देशी-विदेशी मदिरा की कुल 16 दुकान है। जिसमें 5-5 देशी व विदेशी मदिरा और 6 कंम्पोस्टिक मदिरा दुकान है। विदेश मदिरा सीधे दुकान में आती है। बता दें कि निर्वाचन के दौरान आबकारी विभाग द्वारा सतत करवाई की जा रही है और देशी मदिरा के अलावा विदेशी मदिरा की अवैध बिक्री पर पर भी कार्रवाई की जा रही है।

### दो नर्सों सहित चालीस फीसदी स्टाफ के भरोसे चल रहा उपचार

# सौ बिस्तरों का आरएलटीआरआई सफेद हाथी भर्ती कुष्ठ मरीजों को खाने थाली भी नसीब नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

कुष्ठ प्रभावितों को उपचार की सुविधा देने के उद्देश्य से लालपुर में संचालित क्षेत्रीय कुष्ठ रोग प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान (आरएलटीआरआई) सफेद हाथी साबित हो चुका है। यहां इलाज के लिए सौ बिस्तरों की व्यवस्था तो कई गई है, मगर केवल चालीस प्रतिशत स्टाफ होने की वजह से मरीज आने से कतरा रहे हैं। स्थिति यह हो चुकी है कि दूसरे जिलों से आकर यहां भर्ती होने वाले मरीजों को खाने के लिए थाली के बजाए प्लास्टिक की थैलियों में खाना दिया जा रहा है।

लालपुर में करीब 45 साल पहले आरएलटीआरआई की स्थापना की गई थी। यहां कुष्ठ प्रभावित मरीजों की जांच और उपचार की सुविधा देने की योजना थी, मगर स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय की उदासीनता की वजह से उसका उद्देश्य अब तक पूरा नहीं हो पाया है। जानकारी के अनुसार यहां मरीजों के इलाज के लिए भर्ती करने के लिए सौ बिस्तरों की व्यवस्था की गई है, मगर 75 बेड का उपयोग किया जा रहा है, जिसमें भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या कभी बीस तक नहीं पहुंच पाई है। इसकी एकमात्र वजह यहां चिकित्सकीय स्टाफ की कमी को माना जाता है। संस्थान में 11 चिकित्सक, 6 नर्सिंग स्टाफ सहित अन्य के 50 पद स्वीकृत हैं, मगर काम करने वालों की संख्या महज बीस है। इसमें 6 डाक्टर और मात्र दो नर्स हैं, जिन्हें रोटेशन के आधार पर ड्यूटी करनी पड़ती है। विभिन्न तरह की जांच सुविधाओं का अभाव, दवाइयों की कमी की वजह से भी मरीज यहां इलाज के लिए नहीं आना चाहते। भर्ती होने वाले मरीजों के लिए यहां किचन में खाना बनाने का नियम है, मगर संख्या कम होने की वजह से उन्हें बाहर से लाकर खाना परोसा जाता है और थाली के बजाए उन्हें प्लास्टिक की थैलियों में भरकर खाना दिया जाता है।

#### केस-1

महीनेभर पहले इलाज के लिए लालपुर अस्पताल में भर्ती हुआ मरीज पिथौरा निवासी लल्लू यादव के मामा दमोदर ने बताया कि छुट्टी होने के बाद अस्पताल स्टाफ ने दवा नहीं होने का हवाला देकर बाहर से थैलीडोमाइड नामक दवा खरीदने कह दिया। इसके लिए उसे पैसे खर्च करने पड़ रहे हैं।

#### केस-2

भिलाई के रोशन विश्वकर्मा ने बताया कि चार दिन पहले अस्पताल से घर लौटा, तो उसे भी यह महंगी दवा बाहर से खरीदनी पड़ी। संस्थान के चिकित्सकीय स्टाफ ने माली हालत का हवाला देकर दवा देने के निवेदन पर उसे झिड़ककर बाहर से खरीदने की नसीहत दे डाली।





#### दवाइयां तक नहीं मिल रहीं

उपचार के लिए यहां दूसरे जिलों से आने वाले मरीजों को दवाइयों के लिए भी पैसे खर्च करने पड़ते हैं। अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान तो उन्हें दवा मिलती है, मगर छुट्टी होने के बाद उन्हें महंगी दवा खरीदनी पड़ती है, जबकि कुष्ठ पीड़ितों को निःशुल्क दवा उपलब्ध कराने का प्रावधान है।




#### केंद्रीय स्तर पर व्यवस्था

स्थानीय स्तर पर जो समस्याएं सामने आ रही हैं, उसे दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। चिकित्सकीय सहित अन्य स्टाफ की भर्ती केंद्रीय स्तर पर की जाती है। इसके लिए समय-समय पर प्रस्ताव भेजा जाता है।
- **डॉ. संदीप जोगदंड,** निदेशक, आरएलटीआरआई लालपुर

#### कमरे में कैद एक्स-रे मशीन

संस्थान में करीब आठ माह पहले एक्स-रे मशीन की व्यवस्था की गई है, मगर अब तक इसका उपयोग शुरू नहीं हुआ है। मशीन के साथ लगने वाला कंप्यूटर सहित अन्य पार्ट्स नहीं होने की वजह से उसे कमरे में बंद कर दिया गया है। संस्थान में प्रतिदिन बीस से पच्चीस मरीज ओपीडी में आते हैं। जिन मरीजों के लिए जांच आवश्यक होती है, उन्हें जिला अस्पताल तक दौड़ लगानी पड़ती है अथवा निजी संस्थानों में जाकर जांच के लिए पैसे खर्च करने पड़ते हैं।

#### पोस्ट आपरेटिव देखभाल का अभाव

लेप्रोसी सहित अन्य जनरल सर्जरी भी यहां पर्याप्त संख्या में नहीं हो पा रही है। इसकी वजह पोस्ट आपरेटिव देखभाल के लिए नर्सिंग स्टाफ का अभाव है। महज दो नर्स होने की वजह से रात्रि में देखरेख की समस्या के कारण ज्यादा मरीजों की सर्जरी नहीं का जा सकती। चिकित्सकों का मानना है कि अस्पताल में प्रतिदिन एक दो सर्जरी होनी चाहिए, मगर सीमित संसाधन होने की वजह से वहां आधे से भी कम ऑपरेशन किए जा रहे हैं।

## सट्टा-पट्टी लिखते एक पकड़ा गया, नकद बरामद



**देवकर।** चौकी अंतर्गत सट्टा- पट्टी लिख रहे एक व्यक्ति को पुलिस ने पकड़ा है। आरोपी के पास से नकद, पेन, सट्टा- पट्टी बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार चौकी क्षेत्रांतर्गत जामगांव चौक हॉटल के पीछे देवकर में आम जगह पर विभिन्न नम्बरों पर रुपए- पैसों का दांव लगाकर सट्टा-पट्टी लिखने की सूचना 20 मार्च को मिली। सूचना पर पुलिस चौकी देवकर स्टाफ ने रेड कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान एक आरोपी गंगा प्रसाद कुर्रे पिता जुगनंदन कुर्रे उम्र 48 साल साकिन नवकेशा पुलिस चौकी देवकर थाना साजा जिला बेमेतरा को सट्टा- पट्टी लिखते पकड़ा गया। उसके पास से नकदी 1670 रुपए, सट्टा-पट्टी व पेन बरामद किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 6 छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषध) अधिनियम 2022 के तहत कार्रवाई की गई। कार्रवाई में चौकी देवकर प्रभारी सउनि द्वारिका प्रसाद देशलहरे, प्रधान आरक्षक अजय कुमार लहरे, आरक्षक रतन श्रीवास, विकाश सिंह, दीपक सिंह एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

## विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस पर दांतों के डाक्टरों ने किया लोगों को जागरूक

**रायपुर।** विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर दंत चिकित्सकों ने विभिन्न तरीकों से लोगों को दांतों के स्वास्थ्य को लेकर जागरूक करने का प्रयास किया। शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय में इस अवसर पर नुक्कड़ नाटक, रैली, पोस्टर, रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर ओल्ड एज होम में शिविर लगाकर वहां रहने वालों के दांतों की जांच की गई। उन्हें दांतों की सुरक्षा पर जागरूक करते हुए सावधानियां बरतने की सलाह दी गई।

# 6 माह के लिए फायरब्रिगेड महकमे को निगम ने दी जमीन 12 साल जमे रहे, अब जमीन के स्थायी आवंटन की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- टिकरापारा स्थित मोटर वर्कशाप की जमीन का मामला
- निगम की 500 गाड़ियों के रखने का है ठिकाना, वर्कशाप भी
- निगम प्रशासन पशोपश में, कहा हमारी प्रापर्टी, अग्निशमन विभाग को देने में होगी दिक्कत



6 माह के लिए अस्थायी रूप से फायरब्रिगेड के वाहनों को रखने अग्निशमन विभाग ने नगर निगम की टिकरापारा स्थित मोटर वर्कशाप वाली जमीन मांगी। वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में वर्ष 2012 में निगम ने उसे जमीन उपलब्ध कराई।

12 साल बीतने के बाद भी दमकल विभाग न तो अपनी गाड़ियों को रखने स्थायी जगह ढूंढ पाया, न ही मोटर वर्कशाप की जमीन खाली की। अब उसी जमीन को स्थायी रूप से आवंटित करने अग्निशमन विभाग ने शासन से मांग की है, जबकि निगम प्रशासन का कहना है, टिकरापारा के मोटर वर्कशाप वाली जमीन निगम की प्रापर्टी है, उसे अग्निशमन विभाग को देने में असुविधा होगी। सूत्रों के मुताबिक इस पर विचार मंथन चल रहा है। टिकरापारा स्थित नगर निगम के मोटर वर्कशाप वाली जमीन को लेकर निगम प्रशासन और अग्निशमन विभाग आमने-सामने हैं। हाल ही में अग्निशमन विभाग की ओर से नगर निगम प्रशासन के पास मोटर वर्कशाप वाली जमीन के स्थायी आवंटन की मांग आई है। नगर निगम के अपर आयुक्त विनोद पांडे का कहना है, फायर ब्रिगेड आवश्यक सेवा है, इस लिहाज से पूर्व में 6 माह के लिए अस्थायी रूप से अग्निशमन विभाग को मोटरवर्कशाप की जमीन पर वैकल्पिक व्यवस्था होते तक दमकल गाड़ियों को खड़ा रखने की सुविधा दी गई। चूंकि यह निगम की प्रापर्टी है, इसलिए इसे अग्निशमन विभाग को स्थायी रूप से देने में असुविधा होगी।

#### 500 गाड़ियों के रखने का एकमात्र ठिकाना है मोटर वर्कशाप

मोटर वर्कशाप विभाग के विभागीय अधिकारियों का कहना है, नगर निगम के 10 जोन और निगम मुख्यालय के अलग-अलग विभागों की गाड़ियों को मरम्मत के लिए रखा जाता है। करीब 500 गाड़ियां इस वर्कशाप में वर्तमान में रखी जा रही हैं। इसी जगह से नगर निगम 10 जोन की सफाई, विद्युत विभाग सहित अन्य विभागों की गाड़ियों में ईंधन की व्यवस्था बनाई गई है। निगम का अपना अलग से पेट्रोल पंप इसी जगह संचालित है। नगर निगम ने अग्निशमन विभाग के आला अधिकारियों को पूर्व में भी टिकरापारा के मोटर वर्कशाप की जमीन खाली करने ध्यान आकर्षित कराया, पर बात नही बन पाई।

#### नगर निगम जोन 6 का दफ्तर रहा टिकरापारा की मोटर वर्कशाप वाली जमीन पर

सूत्रों के मुताबिक जिस जमीन पर नगर निगम का मोटर वर्कशाप संचालित है, वहां पहले नगर निगम जोन 6 का दफ्तर हुआ करता था। मोतीबाग के पास राजीव गांधी चौक के समीप पूर्व में फायर ब्रिगेड का आफिस संचालित था। अग्निशमन विभाग पहले नगर निगम का हिस्सा हुआ करता था। 12 साल पूर्व सड़क चौड़ीकरण के दौरान राजीव गांधी चौक स्थित दमकल विभाग के पुराने दफ्तर को वहां से हटाकर अस्थायी रूप से टिकरापारा के मोटर वर्कशाप में शिफ्ट किया गया। विदित हो, पहले नगर निगम की एमआईसी के 14 विभागों में विद्युत अभियांत्रिकी व अग्निशमन विभाग प्रमुख रूप से शामिल रहा। बाकायदा एमआईसी में इस विभाग के भारसाधक सदस्य की व्यवस्था रही। बाद में नगर निगम ने अग्निशमन विभाग की सेवाओं को गृह विभाग को हैंडओवर कर दिया। वर्तमान में यह विभाग गृह विभाग के अधीन संचालित है।

# आदर्श महिला मंडली ने कन्या स्कूल में कराया न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के अंतर्गत शासकीय कन्या प्राथमिक शाला देवकर में नगर पंचायत देवकर की आदर्श महिला मंडली द्वारा न्योता भोज कराया गया। जिसमें खीर, पूड़ी, सब्जी परोसा गया। महिला मंडली के सदस्यों द्वारा स्वयं भोजन परोसा गया। हाथ धुलाई तथा भोजन मंत्र पश्चात बच्चों द्वारा भोजन ग्रहण किया गया।

शाला परिवार की तरफ से महिला मंडली को उपहार प्रदान किया गया, साथ ही कक्षा 5वीं की बालिकाओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन भी शाला में किया गया। जिसमें कक्षा पहिली, दूसरी, तीसरी, चौथी की बालिकाओं द्वारा और प्रत्येक शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा बच्चों को उपहार प्रदान किया गया, और बच्चों द्वारा सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति की गई। जिसे सभी ने बहुत सराहा। प्रधान पाठिका गिरिजा पटेल द्वारा बच्चों को आशीर्वाद स्वरूप आशीष वचन के रूप में विद्यालय में दिये हुए संस्कार को कभी न भूलने और सदैव जीवन पथ पर आगे बढ़ने हेतु अग्रसर रहने को कहा गया। प्रधान पाठिका गिरिजा पटेल ने नगर की इस आदर्श महिला मंडली के पुनीत कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा आपका यह कार्य अत्यंत ही अनुकरणीय है। आपके इस पुनीत कार्य के लिए हम आपका हृदय से अभिनंदन करते है, अत्यंत आभारी है और भविष्य में भी आप सब इसी तरह के स्नेह और सहयोग हम सब को, हमारी बालिकाओं को प्रदान करती रहेंगी। इस अवसर पर सहायक शिक्षिका वीणा रावटे, मैमुना सुल्ताना, श्वेता वर्मा, आशुतोष चौबे, आदर्श महिला मंडली से बसंती अग्रवाल, मुन्नी गुप्ता, कुमारी गुप्ता, पुन्नी गुप्ता, आशा अग्रवाल, प्रिया अग्रवाल, गीता अग्रवाल, रुखमनी सोनी, उर्वशी ठाकुर, अनीता अग्रवाल, पुष्पा साहू, महेशिया निषाद, सुनीता, रमौतिन उपस्थित थे।

# मास्टर ट्रेनर्स निर्वाचन के लिए महत्वपूर्ण कड़ी : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सोसाइटी सभाकक्ष में हुई कार्यशाला

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सोसाइटी सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए नियुक्त मास्टर ट्रेनर की प्रशिक्षण कार्यशाला में शामिल हुए। कलेक्टर ने कहा कि सभी मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण में हर पहलू को बारीकी से समझे। आप जितना कुशल प्रशिक्षित रहेंगे निर्वाचन प्रक्रिया उतना ही सरल होगी। आपके कुशल दक्षता से मतदाताओं को भी सहयोग होगा। डॉ. सिंह ने कहा कि आप सभी को क्राइसेस मैनेजर की भूमिका का निर्वहन करना है। आपको यह बताना होगा कि चुनौती और संकट का सामना किस प्रकार किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि इस निर्वाचन में जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा प्रयास किया जा रहा है कि निर्वाचन में ड्यूटी लगे कर्मचारियों का मूलभूत सुविधाओं का ध्यान रखा जाए।

प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर को मतदाता सूची के चिन्हित, प्रति, डाक मतपत्र, ईडीसी, मतपत्र लेखा, पीठासीन अधिकारी की डायरी, ईवीएम, वीवीपैट मतदान की प्रक्रिया चुनौतियां आदि के बारे में विस्तृत में बताया गया।







